सार-समाचार

तीन बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

डूंगरपुर, (निसं)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा चलाये जा रहे अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान कार्यक्रम 2.0 बालश्रम उन्मूलन कि दिशा में एक कदम बचाव अभियान के अंतर्गत बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने डूंगरपुर जिले में 12 से 16 साल के बच्चों को डूंगरपुर जिले के विभिन्न होटलों, दुकानों व ऑटो गैराज पर बालश्रम कर रहे बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में केश सुपरवाइजर अनीता भील व हिमांशु जैन ने जिले में बालश्रम कर रहे बच्चों का चिन्हिकरण कर इसकी सूचना पुलिस व संबंधित विभाग को दी। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइनए बिछीवाडा पुलिस व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर जिले बिछीवाडा में दीपक फुटवियर से एक बालक, जय मिनरल वाटर से एक बालक व केजीएन टायर वर्क से एक बालक को बालश्रम से मुक्त करवाते हुए कुल 3 बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। बच्चों की अग्रिम सहायता के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन, सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से बच्चों को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थाई आश्रय प्रदान किया गया। साथ ही बाल कल्याण समिति द्वारा नियोक्ता के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कार्यवाही में बिछीवाडा पुलिस से राकेश कुमार,कुणाल पंड्या व सृष्टि सेवा समिति से सुरेन्द्र ढोली मय जाप्ता मौजूद रहे।

दीवार से टकराई बाइक, दो की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में नवाडेरा वरदान स्कूल के पास मोड एक तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 3 युवक में से 2 की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 1 घायल युवक का उदयपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार दुर्घटना सोमवार रात के समय बिछीवाडा रोड पर वरदान स्कूल के पास नवाडेरा मोड पर हुआ। प्रवीण पुत्र शंकरलाल ननोमा निवासी खुमानपुरा भक्ता फला उसका साथी सुनील कटारा पुत्र महेश कटारा निवासी खुमानपुरा और सुभाष पुत्र रामजी ननोमा निवासी खुमानपुरा तीनों रात के समय बोरी की ओर से डूंगरपुर शहर की तरफ आ रहे थे। नवाडेरा वरदान स्कूल के पास आते ही बाइक बेकाबू हो गई और दीवार से टकराते हुए गिर गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई। तीनों घायलों को गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रवीण ननोमा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल 2 युवकों को भर्ती कर इलाज किया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें उदयपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान सुभाष की भी मौत हो गई।

तपस संस्थान को वाटर कूलर भेंट

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के नया अस्पताल मार्ग स्थित विमंदित मूक बधिर बच्चों के संस्थान तपस में भामाशाह शारदा-नारायण मालपानी द्वारा अल्प कार्यक्रम में संस्थान के संचालक के सानिध्य में बच्चों के लिए ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर स्थापित करवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति अमृत कलासुआ रहे। जिन्होंने संस्थान में भामाशाह मालपानी परिवार का इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट करते हुए मालपानी परिवार द्वारा पूर्व में भी किए गए सामाजिक और गौ-सेवा के कार्यों की सराहना की। संस्थान के संचालक शर्मा ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से मालपानी परिवार और प्रवीण श्रीमाल की सेवा का लाभ बच्चो को समय समय पर मिलता रहा है।

अमन सुकून की मांगी दुआ

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह शिशोदिया ने मुख्य मज़ार पर फूल पेश कर मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह शिशोदिया एवं ए.डी.जे. डॉ. महेन्द्र सोलंकी का बुलन्द दरवाजा पर दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी, हाजी अर्ब्दुरहमान, अशफाक तुर्किया ने स्वागत किया एवं दरगाह शरीफ स्थित आस्ताना ए आलिया मे कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी ने दस्तारबंदी कर श्रीफल भेंट किया।

पति व सास पर अपहरण का आरोप

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में अपने पति से विवाद के बाद अलग रह रही एक महिला ने पति और सास पर अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है। महिला ने शिकायत लेकर कोतवाली थाने जाने पर पुलिस द्वारा भी सहयोग नहीं करने के आरोप लगाए हैं। वहीं, अब एसपी को परिवाद सौंप कर न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी बेटी को वापस दिलाने की मांग की है। शहर के आदर्श नगर निवासी रेणुका भाटिया ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2005 में उदयपुर जिले के खेरवाडा निवासी राजेंद्र भाटिया से हुई थी। राजेंद्र भाटिया और रेणुका की 2 बेटियां हैं। बडी बेटी रिद्धिमा 17 साल और छोटी बेटी हित 14 साल की है। रेणुका ने बताया कि शादी के कुछ सालों बाद से पति राजेंद्र ओर सास पार्वती देवी उसे दहेज के लिए प्रताडित करते थे। जिस पर उसने महिला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पति का घर छोड डूंगरपुर में अपने पिता के घर रहना शुरू किया। वर्ष 2022 में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। समझौते के अनुसार बडी बेटी रिद्धिमा अपने पिता ओर छोटी-बेटी अपनी मां रेणुका के साथ रहने लगी। रेणुका ने डूंगरपुर एसपी को परिवाद सौंपकर बताया कि सोमवार शाम को राजेंद्र भाटिया उसकी छोटी बेटी को बहला फुसला कर उसका अपहरण कर ले गया। वहीं,मामले की शिकायत लेकर कोतवाली थाने में गई। पुलिस से भी सहयोग नहीं मिला। रेणुका ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी बेटी वापस दिलाने की मांग की है।

राजसमंद जिले की 80 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने का संकल्प

राजसमंद,(निसं)। देश एवं प्रदेश को टीबी मुक्त करने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगामी 24 मार्च तक जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की 80 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। अभियान के लिए 6 सूचकांक निर्धारित किए गए है, जिसके पूरा होने पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित की जाएगी। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत एक वर्ष की अवधि में 1 हजार की जनसंख्या पर 30संभावित मरीजो

- अभियान के तहत मोबाईल एप के माध्यम से होगा घर-घर सर्वे
- 6 सूचकांकों के आधार पर होगी पंचायतें टीबी मुक्त

की जांच, 1 हजार की जनसंख्या पर एक या एक से कम टीबी नोटिफिकेशन की दर, उपचार की सफलता दर 85 प्रतिशत, ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्ट 60 प्रतिशत मरीज, शत प्रतिशत मरीजों को निक्षय पोषण योजना का लाभ, शत प्रतिशत निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट का वितरण जैसे सूचकांको पर परीक्षण पश्चात ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा।

अभियान के तहत प्रति 1 हजार की जनसंख्या पर 30 सम्भावित टीबी रोगियो की जांच की जाएगी। इसके तहत प्राथमिकता के आधार पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, पूर्व टीबी रोगी, टीबी रोगी के संपर्क में रहने वाले

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की जानकारी प्रदान करते सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल।

व्यक्ति, डायबिटिज से ग्रसित रोगी, तम्बाकू का सेवन करने वाले व्यक्ति, बॉडी मास इन्डेक्स 18.5 से कम वाले व्यक्तियों की जांच की जाएगी। ग्राम पंचायत स्तर पर नोटिफाइड टीबी रोगियों का उपचार, जांच एवं लाइन लिस्टिंग सुनिश्चत करना, जनप्रतिनिधियों को निक्षय मित्र बनाये जाने के लिए प्रेरित करना जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत आमेट ब्लॉक की 9 पंचायत, भीम ब्लॉक की 8 पंचायत, देवगढ ब्लॉक की 12 पंचायत, राजसमंद ब्लॉक की 12 पंचायत, केलवाडा ब्लॉक की 15 पंचायत, रेलमगरा ब्लॉक की 13 पंचायत, खमनोर ब्लॉक की 5 पंचायत, देलवाडा ब्लॉक की 6 पंचायतो ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए क्लेम किया है।अभियान के तहत चिन्हीत ग्राम पंचायतो एवं शहरी वार्डो में आगामी 25 मार्च तक घर-घर सर्वे का शुरू किया जाएगा जिसके तहत एएनएम एवं आशा डिजिटल हेल्थ मोबाईल एप के माध्यम से टीबी केसेज के लिए सर्वे व स्क्रीनिंग की जाएगी। सर्वे के दौरान यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाते है तो उन लाभार्थीयों की बलगम, छाती का एक्स- रे तथा अन्य जांच आशा, आंगनबाडी कार्यकर्ता, एएनएम व सामुदायिक स्वयं सेवक के द्वारा सभी जानकारी फॉलो-अप के दौरान एएनएम आशा डिजिटल हेल्थ मोबाईल एप में अपडेट की जाएगी। अभियान के तहत टीबी के दृष्टी से उच्च जोखिम वाले समुहो पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे टीबी के मामलो की पहचान में बढोतरी और उनके उपचार में मदद मिल सकेंगी। अभियान के माध्यम से ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यो का आमुखीकरण करना, ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों के माध्यम से गांवो में नारा लेखन एवं रेलीयो का आयोजन किया जाएगा। सोशल मिडिया के माध्यम से भी टीबी को लेकर आमजन को जागरूक किया जाएगा। वहीं विद्यालयो में टीबी जागरूकता को लेकर भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिले में इससे पूर्व 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान संचालित किया गया जिसके तहत निक्षय वाहन के माध्यम से 149 टीबी शिविरो का आयोजन किया गया। 85 हजार 692 टीबी दृष्टी से उच्च जोखिम वाले लोगो की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग की गई। 74 हजार 709 संभावित टीबी रोगीयों का निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। 62 हजार 466 संभावित टीबी रोगियों के जांचो परीणामों को अपलोड किया गया तथा अभियान के तहत 810 नए टीबी रोगीयों का चिन्हीकरण किया गया। अभियान के तहत नवीन 341 निक्षय मित्र बनाये गए तथा 611 नवीन टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया।

सार-समाचार

दिन भर रही बाजार में रेलमपेल

डूंगरपुर, (निसं)। रंगों व उमंगों के पर्व होली को लेकर रोजगार के लिए गुजरात, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में गये लोगों का अपने घरों की ओर लौटने का क्रम अनवरत जारी है। मंगलवार को गुजरात व अन्य प्रान्तों से आने वाले वाहनो में यात्री खचाखच भरे देखे गये। जिले के अन्तरंग मार्गो पर भी दिन भर यात्रियों को ले जाते वाहन सडको पर सरपट दौडते नजर आये। जिले भर में होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। ग्राम्यांचलों में ढोल कुण्डी, एवं चक की थाप पर ग्राम्य वनिताएं व युवक परम्परागत गैर नृत्य खेल रहे है। देर रात्रि तक गैर नृत्यों की गुंज वातावरण में सुनाई दे रही है। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर निकटवर्ती ग्राम्यांचलों से आये लोगों ने जमकर खरीददारी की। गेपसागर जलाशय की पाल पर स्थित फुटपाथी बाजार से लोगों ने रेडिमेड कपडे, सौन्दर्य प्रसाधन के साधन, जूते, अबीर गुलाल की खरीददारी की। कई लोगों ने ढूंढोत्सव को मद्देनजर रखते ढूंढिया की खरीददारी भी की। ढूंढ को लेकर बच्चों को उपहार में देने सोने-चांदी के आभूषण भी खरीदे।

फाग महोत्सव सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। आमला एकादशी के उपलक्ष में श्रीनाथजी मंदिर गेपसागर की पाल होली की फाग गायन का आयोजन हुआ,जिसमें महिलाओं द्वारा राधा कृष्ण, रुक्मणी की वेशभूषा में सज धज कर एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाया जिसमें भजन आज बिरज में होली रे रसिया,यह मस्त महीना फागुन का, मारो खुल गयो बाजूबंद रसिया होली रे,भागा रे भागा नंदलाल, होलिया में उडे रे गुलाल पर महिलाओं ने खूब जमकर डांस किया जया कंसारा ने बताया की फाग महोत्सव आमला ग्यारस से रंग पंचमी तक होगा। समारोह में ममता भट्ट, माया सुथार,लक्ष्मी सेवक, जया कंसारा, अनीता सुथार, हर्षषा कंसारा, रक्षा कलाल, वर्षा भट्ट, मंजू पालीवाल, श्वेता सोनी, किर्रती जांगिड, भावना साद, शांति पंचाल, जयश्री पांचाल, सारिका कंसारा, ललिता श्रीमाल, मेनाश्रीमाल, प्रेमिला पांचाल, मनीष उपाध्याय, दुर्गा भोई, कुसुम लता चौबीसा, अंशुमाला पांचाल, डॉ.अदिति गोठी, चंद्रिका कलाल, माया टेलर इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में आरती रमेश वरियानी द्वारा की गई। आयोजन में भूपेश शर्मा,ओमप्रकाश जेठवा, के मार्गदर्शन के साथ खीर व सूखे मेवे का प्रसाद वितरित किया गया ।

सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली

बांसवाड़ा, (निसं)। मामा बालेश्वर दयाल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय कुशलगढ के संयुक्त तत्वावधान में सडक सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत जागरुकता रैली निकाली गयी। प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने सडक सुरक्षा जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने छोटी बडवास, रोहनिया व मोर ग्राम में आमजन को सडक सुरक्षा के बारे में बताते हुए यातायात नियमों की अनिवार्यतरू पालना करने, हमेशा हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट पहनने, वाहन धीरे चलाने एवं दुर्घटना होने पर घायल को तुरन्त अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी यातायात नियमों की पालना कराने के लिए एकबद्ध होकर संकल्प लिया। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान समय में सबसे अधिक दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी करने के कारण हो रही है। अनमोल जीवन को हमें सुरक्षित रखना है इसलिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना अनिवार्य रुप से करनी है।

अटल जन सेवा शिविर 17 मार्च को

डूंगरपुर, (निसं)। जिले मे त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जारी दिशा निर्देश अनुसार जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेशचन्द्र धाकड ने बताया कि द्वितीय गुरूवार 13 मार्च को होली का राजकीय अवकाश होने से राज्य स्तर से अटल जन सेवा शिविर 17 मार्च 2025, सोमवार को आयोजित किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उपखण्ड में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक वी.सी.के माध्यम से किया जावें। उन्होंने जनसुनवाई शिविरों के आयोजन का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने तथा शिविरों में प्राप्त परिवेदनाओं को तीन दिवस में पोर्टल पर भी दर्ज किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा उक्त जनसुनवाई में राज्य स्तर से वी.सी के माध्यम से पर्यवेक्षण किया जायेगा। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

बालिकाओं को वितरित की साइकिल

बांसवाड़ा, (निसं)। राउमावि खेडपुर में कक्षा नौवीं की बालिकाओं को सरिता अम्लियार के मुख्य आतिथ्य, संस्था प्रधान भानु प्रताप मईडा की अध्यक्षता तथा बलदेव सिंह अड के विशिष्ट आतिथ्य में निशुल्क साइकिल प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि अम्लियार ने बालिका शिक्षा पर बल देते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने बालिकाओं को आगे की पढाई जारी रखकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रेरित किया वहीं बलदेव सिंह अड ने दूरस्थ इलाकों से आने वाली बालिकाओं को साइकिल का उपयोग कर समय का सदुपयोग कर लक्ष्य अर्जित करने के लिये प्रेरित किया। संचालन रामदास परमार ने किया।

कटारा निर्विरोध बने अध्यक्ष

जिला परिषद् की शिक्षा स्थायी समिति के रिक्त पदों के लिये चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराते जिला प्रमुख रेशम मालवीया व जिला परिषद् के अधिकारी, इनसेट में राजेश कटारा।

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला परिषद् की शिक्षा स्थायी समिति के दो सदस्यों के रिक्त पद एवं अध्यक्ष के साथ ही वित्त एवं कराधान समिति के एक सदस्य के रिक्त पद का उप चुनाव किया गया।

जिसमे नरेश मछार एवं यशोदा, जिला परिषद सदस्य को शिक्षा स्थायी समित्ति का सदस्य एवं राजेश कटारा को अध्यक्ष पद व वित्त एवं कराधान समिति के सदस्य के लिए प्रमिला खराडी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिला परिषद बांसवाडा की स्थायी समितियों की बैठक में स्वास्थ्य विभाग, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जनजाति क्षेत्रीय विकास, रसद, महिला एवं बाल विकास और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा की गई। धीरजमल ने ग्रामीण क्षेत्रों मे बंगाली झोलाछाप चिकित्सकों पर प्रभावी अंकुश की जरुरत बताई। बैठक में बताया गया कि जिले में 78 प्रतिशत ही पेंशन सत्यापन का कार्य पूर्ण हुआ है। इसी तरह जल सुरक्षा के लाभार्थियों की ईकेवायसी 80 प्रतिशत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की ईकेवायसी का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण हुआ है। पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा एवं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण कराने के लिये सदस्यों का सहयोग करने की अपील की गई वहीं जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नवीन पात्र परिवारों के नाम जोडने के लिये पोर्टल खुला है वहीं नवीन नाम जुडवाने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गयी। सदस्यों को अपने क्षेत्रों में संचालित ग्रामीण स्तर की सरकारी संस्था के निरीक्षण के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला प्रमुख रेशम मालवीया सहित सदस्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाललाल स्वर्णकार आदि मौजूद रहे।

पोस्टर का विमोचन

डूंगरपुर, (निसं)। रामोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। इधर, मंगलवार को रामोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष महेंद्र डांगी धताणा, कवि सुनील पटेल सन्नाटा, राजेंद्र सिंह अमृतिया, सुथार समाज के अध्यक्ष भंवरलाल सुथार मोवाई ने साबला हरिमंदिर पहुँचकर बेणेश्वरधाम पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज से रामनवमी की शोभायात्रा में पधारने का आग्रह किया। अच्युतानंद महाराज द्वारा रामनवमी के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। महाराज ने कहां कि रामनवमी की इस शोभायात्रा में सभी को सम्मिलित होना चाहिए। आज के आधुनिकता के युग मे इंसान प्रभु भक्ति से दूर हो रहा है। मनुष्य को प्रभु भक्ति के साथ साथ सनातन संस्कृति व परम्परा का निर्वहन भी करना होगा। इससे आपसी सौहार्द,अखंडता व एकजुटता बनी रहेगी। प्रभु भक्ति से भक्त की हर मुराद पूरी होती है। इस दौरान धताणा धुणी के महंत श्री अनिरुद्धगिरी महाराज, लालगिरी मठ के महंत श्री रामानंद सरस्वती महाराज को भी रामनवमी की भव्य शोभायात्रा में भाग लेने को लेकर आग्रह किया गया। महेंद्र डांगी ने कहा साधु संतों के आशीर्वाद से प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा अद्वितीय बनेगी। शोभायात्रा सर्व हिन्दू समाज की एकता का प्रतीक व सनातन संस्कृति का गौरव बढाएंगी।

महिला प्रतिभाओं का सम्मान

राजसमंद, (निसं)। भारत विकास परिषद महिला सदस्यों ने सोमवार को शहर के निजी होटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विविध क्षेत्रों में अग्रणी महिला प्रतिभाओं का सम्मान किया। महिला संयोजिका मोनिका चोरडिया ने बताया की विशिष्ट अतिथि शकुन्तला पामेचा, शीला चौधरी, विद्या बापना, अनिता परियानी ने अपने अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला सदस्यों आशा सोनी, चन्दा देवपुरा, प्रमिला खाब्या, प्रिया साम्सुखा, पार्वती भदादा, स्नेहा झंवर ने लघु नाटिका का मंचन किया। वन्दना बाबेल एवं नीता सोनी ने महिला सशक्तिकरण विषय पर कविता पाठ किया। अनेक प्रेरक महिला प्रतिभाओं को आदर्श मानते हुए उनके प्रतिकों और वेश के आधार पर रेम्प वॉक प्रदर्शन एवं उनके साथ सेल्फी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। जिसमें मनीषा कच्छारा, सोनिया बंग, कल्पना बडोला, निरुपमा धारीवाल, सुमन सामसुखा, मीनाक्षी गर्ग, शिखा चोरडिया, कोमल मुंदडा, कुसुम बिहानी, दिशा शर्मा आदि ने प्रस्तुतियां दी। महिला सहसंयोजिका पूजा बंग ने बताया की कार्यक्रम के दुसरे चरण में महिलाओं ने फाग महोत्सव व होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान हंसा चौधरी एवं सीमा आंचलिया ने राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुती दी।सभी महिला सदस्यों ने सामूहिक रूप से नृत्य किया और आशा सोनी, मंजू अजमेरा एवं बिंदु चोरडिया ने रोचक खेल प्रतिस्पर्धाओं का संयोजन किया।

विद्यार्थियों नें वार्षिकोत्सव में दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

बांसवाड़ा, (निसं)। मां भारती ग्रुप ऑफ एजुकेशन कुशलगढ के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह राठौड ने कहा कि कुशलगढ ग्रामीण क्षेत्र में जहां शिक्षा का अभाव था ऐसे में मां भारती ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने क्षेत्र के विद्यार्थियों को सौगात दी है जिससे विद्यार्थियों को अध्यापन में आर्थिकलाभ हो रहा है। उन्होंने प्रतिभाओं को आगे आने तथा लक्ष्य बनाकर कडी मेहनत करते हुए मंजिल प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया।

- मां भारती ग्रुप ऑफ एजुकेशन में मनाया वार्षिकोत्सव

डायरेक्टर करणी सिंह राठौड ने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढाई के लिये महानगरों में जाना पडता है जहां कंई आर्थिक समस्याएं आती है जिस पर मां भारती की कृपा से 2011 में महाविद्यालय प्रारंभ करते हुए महानगरों जैसी सुविधाएं यहां पर देने का ठान लिया जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को न केवल आर्थिक लाभ हुआ वहीं यहां के विद्यार्थी आज अपना व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जब बालिका वधू मार्मिक नाटिका की प्रस्तुति दी तो

बांसवाड़ा में मां भारती ग्रुप ऑफ एजुकेशन कुशलगढ के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी।

सभी भावुक होते नजर आये। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय एमडी डॉ. दीपेन्द्र सिंह राठौड, सचिन दिव्यांगना राठौड, इंजीनियर करमेंन्द्र सिंह राठौड ने किया। समारोह में समर्पित सेवाओं के लिये डॉ. रोहित पंवार, डॉ. अमित सिंह राव, प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार बघेल, सचिन बारोट, विरेन्द्र राव को सम्मानित किया गया वहीं महाविद्यालय में अध्ययन कर विभिन्न राजकीय सेवा में सेवा देने वाले, पुलिस सब इंस्पेक्टर जबा मिर्जा व देश-प्रदेश में महिला क्रिकेट टीम में परचम लहराने वाली कनिष्का सिसोदिया सरवा सहित 54 प्रतिभाओं को मेडल पहना, प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान कानहिंग रावत, शिवाजी मंच के संरक्षक कैलाश राव, अध्यक्ष पंकज दोशी, चार्टर्ड अकाउंटेंट पथीक मेहता, एडवोकेट धर्मेंद्र कंसारा, एडवोकेट दौलत सिंह सिसोदिया, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. लीला पडियार, विश्व हिंदू परिषद की उषा प्रजापत का भी सम्मान किया गया। संचालन माही गादिया व वस्मिता कुमारी ने किया जबकि आभार डायरेक्टर करणी सिंह राठौर ने माना।

जल संरक्षण का दिया संदेश

डूंगरपुर, (निसं)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटरशेड यात्रा मंगलवार को ग्राम पंचायत पचलासा बडा, पंचायत समिति, साबला पहुंची। अतिरिक्त निदेशक जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, जयपुर के एस.एस.व्यास ने परियोजना व वर्षा जल संरक्षण का उद्देश्य इसके प्रति लोगो को जागरूक करने व जल संरक्षण के महत्व को बताया। अधीक्षण अभियन्ता, हरिमोहन मेहर ने जल संरक्षण की शपथ दिलाकर विभाग के कार्यों से विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लक्ष्मीदेवी मीणा ने की।

मुख्य अतिथि समाजसेवी जयेश सेवक ने वर्षा जल संरक्षण के प्रति स्थानीय लोगो को जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड, जिला परिषद्, राजेन्द्र परमार, अधिशाषी अभियन्ता महेश ओझा, मुलाराम सोलंकी, रवि कटारा, सरपंच प्रभुलाल मीणा पचलासा छोटा, पिंकी देवी, काब्जा, धुलजी मीणा, रायकी विकास अधिकारी वालसिंह राणा, सहायक अभियन्ता रितेश सुमन, कनिष्ठ अभियन्ता योगेश जोशी, खुमानसिंह, जोरावरसिंह सहित तीन सौ से अधिक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में पूजा अर्चना के बाद महिलाओं की कलश जल यात्रा ढोल नगाडे के साथ हर्षोल्लास के साथ निकाली गयी। इसके साथ जलग्रहण यात्रा रथ चला।

महिला व किशोरियों ने समस्या व अधिकारों पर किया मंथन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिलाओं को स्वतंत्रता सैनानी शकुन्तला त्रिवेदी संघर्षशील महिला सम्मान से नवाजते अतिथि।

बांसवाड़ा, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मजदूर संगठन की ओर से भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाओं व किशोरियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं अधिकारों पर मंथन किया।

इस दौरान हर घर में नल से जल की उपलब्धता, नरेगा में ढाई सौ दिन रोजगार, महिला हिंसा के मामलों में पंचायत स्तर पर महिला संगठन कार्यकर्ताओं की भागीदारी, प्रवासी मजदूरों के लिये रोडवेज बसों का संचालन, पीडित महिलाओं के लिये आश्रय स्थल की व्यवस्था एवं महिला रोजगार की स्थाई व्यवस्थाओं पर मंथन कर इस संबंध में सरकार को सुझाव देने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष की थीम हिस्सेदारी मेरी ताकत, पहचान मेरा हक के तहत पैनल चर्चा हुई जिसमें महिला सशक्तिकरण, समान वेतन, न्याय और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन हुआ।

इस अवसर पर आजीविका संस्था की मंजू राजपूत, मानव अधिकार मंच की पूंजा कुंवर, वरिष्ठ पत्रकार एवं मोटीवेशनल स्पीकर दीपक श्रीमाल, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप रोकडिया, चाइल्ड लाइन के कमलेश बुनकर, सोनू अग्रवाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन विषयक नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इसके अलावा, जंगली जडी-बूटियों, पारंपरिक आभूषण, मेहंदी और कौशल विकास से जुडे स्टॉल भी लगाए गए जिससे स्थानीय महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्थानीय महिला जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।